Bareilly, Friday,
4 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ` 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO :01 MIDDLE

बीसीसीआई बरेली में पहली बार कराएगा मैच

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 Nov): बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) ने पहली बार शहर को कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी दी है. इसको लेकर शहर के खिलाड़ियों के साथ ही क्रिकेट कोच में भी काफी उत्साह है. अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी का आयोजन श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस) के मैदान पर होगा.

मुकाबला यूपी-नागालैंड का

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने इसकी जिम्मेदारी बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को दी है. 12 नवंबर से 15 नवंबर के बीच होने वाले इस चार दिवसीय मैच में उत्तर प्रदेश और नागालैंड की टीम के बीच मुकाबला होगा. एसआरएमएस को मैच आवंटित करने से पहले बीसीसीआई और यूपीसीए के पदाधिकारियों ने क्रिकेट मैदान का अवलोकन किया था. यहां उपलब्ध सुविधाओं और ग्राउंड के मानकों पर खरा उतरने के बाद एसआरएमएस का कूच बिहार ट्रॉफी मैच कराने के लिए चयन किया गया है. बीसीए यहां मैच आयोजित कराने का लगातार प्रयास कर रहा था.